**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 23.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले की राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की निंदा।**
- **मुंबई में आयोजित सीएमएआई फैब शो में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय—वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर को बढ़ावा देने हुआ एमओयू।**
- **पंचायत दिवस पर कल प्रदेश की एक हजार चार सौ साठ ग्राम पंचायतों में शुरू किए जाएंगे "अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र"।**
- **मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर चलने की दी चेतावनी—कल बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हो सकती है बारिश।**

**<u>पहलगाम घटना—01</u>**

जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमला अमानवीय कृत्य है। वहीं, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस जघन्य कृत्य के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हमले में मारे गए मृतकों के परिवारों और पूरे देश को आश्वासन दिया है कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने श्रीनगर में पुलिस नियंत्रण कक्ष में मृतकों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री शाह ने कहा कि देश आतंक के आगे नहीं झुकेगा और इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में घटना—स्थल पर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों से भी मुलाकात की और अनंतनाग के सरकारी महाविद्यालय अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इस घटना की निंदा की है। राज्यपाल ने कहा है कि समूचा देश मृतकों के परिजनों के साथ खड़ा है। राज्यपाल ने इस हमले में मारे गए रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने राज्य सरकार को मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।

**<u>पहलगाम घटना—02</u>**

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार हमले में मारे गए रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया के परिजनों के साथ खड़ी है। गौरतलब है कि पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले में छब्बीस पर्यटक मारे गए थे। वहीं, कई अन्य घायल हुए थे।

**<u>पहलगाम हमला—भाजपा कार्यक्रम स्थगित</u>**

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर अपने सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि आज होने वाली डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा और विचार गोष्ठी के साथ ही पच्चीस अप्रैल को वक्फ बोर्ड सुधार कानून जनजागरण अभियान पर होने वाली कार्यशाला स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित सभी पदाधिकारियों ने भी अपने कार्यक्रम और प्रवास स्थगित कर दिए हैं। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा पदाधिकारी कल चौबीस अप्रैल को रायपुर के समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मीरानिया के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं, भाजपा की रायपुर शहर जिला इकाई द्वारा आज शाम जयस्तंभ चौक पर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री–मुंबई सीएमएआई फैब शो

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मुंबई में आयोजित क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ इंडिया–सीएमएआई फैब शो में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में वस्त्र और परिधान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवेशकों और टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़े उद्योगपतियों से संवाद कर उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएमएआई के साथ समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए। उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने नवा रायपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन–निफ्ट को मंजूरी दी है। इस संस्थान की स्थापना से छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन भी किया।

## अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र

पंचायत दिवस के अवसर पर कल चौबीस अप्रैल से प्रदेश की एक हजार चार सौ साठ ग्राम पंचायतों में "अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र" शुरू किए जाएंगे। इन केंद्रों में ग्रामीणों को बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी, जिनमें बैंक खाते से सीधे पैसे निकालना, राशि ट्रांसफर और बिजली–पानी के बिल का भुगतान करने के साथ पेंशन–बीमा राशि प्राप्त करने की सुविधा शामिल हैं। ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि सीधे प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं भी इन केन्द्रों से मिलेगी।

## दुर्घटना

सूरजपुर जिले के बिसाबी पोड़ी गांव में बीती रात चारपहिया एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई है। जबकि, बीस अन्य लोग घायल हो गए हैं। इनमें से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इस वाहन में पच्चीस लोग सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम भंडारपारा निवासी एक परिवार शादी के कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर गया हुआ था। वापसी के दौरान उनका वाहन बिसाबी पोड़ी गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। सूचना मिलते ही चेंद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को भटगांव के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करावाया। वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पीपरडोल गांव में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। उधर, कोडागांव जिले के ग्राम लांजोड़ा के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार की एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि, एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है।

## मुख्यमंत्री–यूपीएससी परीक्षा अभ्यर्थी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस में सफलता प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता आपकी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस परीक्षा में पैंसठवीं रैंक हासिल करने वाली बिलासपुर जिले की पूर्वा अग्रवाल से फोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई देते हुए उनके दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। श्री साय ने कहा कि पूर्वा अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन सफल प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## जेईई मेन्स परीक्षा–प्रयास विद्यालय

प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालय के तीन सौ इकहत्तर में से एक सौ बाईस बच्चों ने जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस वर्ष इस परीक्षा के घोषित परिणामों में रायपुर के प्रयास बालक आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है। इस विद्यालय के लगभग पैंतालीस प्रतिशत बच्चे सफल रहे हैं। वहीं, अंबिकापुर के प्रयास आवासीय विद्यालय, के सोलह, दुर्ग के बारह, कांकेर के आठ, जशपुर के नौ, जगदलपुर के सात और कोरबा प्रयास आवासीय विद्यालय के एक बच्चे ने जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**राज्यपाल–विद्यार्थी मुलाकात**

राजभवन में आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के विद्यार्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय में पढ़ाई और नियमित शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर श्री डेका ने उचित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कक्षाएं संचालित करने और विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाएगा।

**राष्ट्रीय संगोष्ठी–समापन**

पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा नवा रायपुर के अरण्य भवन स्थित दंडकारण्य सभागार में आयोजित दो दिवसीय सागरिया मेमोरियल राष्ट्रीय सिल्वीकल्चर संगोष्ठी का आज समापन हुआ। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास एवं योजना अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि यह संगोष्ठी आठ तकनीकी सत्रों में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ सहित आठ राज्यों के वन अधिकारी इस संगोष्ठी में शामिल हुए।

**व्यापमं–नगर सैनिक भर्ती परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं ने महिला और पुरूष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट पर तीस मई तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा की संभावित तिथि बाईस जून है। इस परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में केन्द्र बनाया गया है।

**मौसम**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं, अगले दो दिनों तक बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसे स्थिति बने रहने की चेतावनी भी दी गई है। मौसम विभाग ने कल बस्तर संभाग के कुछ जिलों में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ छींटे पड़ की संभावना जताई है।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**